दो सेमी ऑटोमेटिक पिस्तौल और लूटी गई 48 हजार 500 रुपये की नकदी बरामद

एटीएम लूटने वाले दो बदमाश मुठभेड़ के बाद दबोचे

हरिभूमि न्यूज ⏭ नई दिल्ली



स्पेशल सेल ने दो कुख्यात अंतरराज्यीय मेवाती गैंग को हल्की मुठभेड़ के बाद गिरफ्तार किया है। यह गैंग एटीएम काटने के कई मामलों में शामिल रहा है। पकड़े गये आरोपियों के नाम साजिद और आदिल बताये गये हैं। इनके पैरों में गोली लगी है। साजिद के खिलाफ दिल्ली, उत्तर प्रदेश, मध्य प्रदेश, महाराष्ट्र, गुजरात, पंजाब, पश्चिम बंगाल में एटीएम लूट/हथियारों की तस्करी के कई मामले दर्ज थे। आदिल गुजरात और पश्चिम बंगाल में इसी तरह के मामलों में शामिल रहा है। इनसे दो सेमी ऑटोमेटिक पिस्तौल बरामद हुई है। पुलिस की जांच में पता चला कि पश्चिम बंगाल के सिलीगुड़ी में दो दिन पहले एक एटीएम तोड़कर लूटी गई 48,500 रुपये की नकदी इनसे बरामद हुई है।

डीसीपी अमित कौशिक के अनुसार गुरुवार को रात लगभग 10 बजे जैतपुर-कालिंदी कुंज पुस्ता रोड के पास एक संक्षिप्त मुठभेड़ के बाद इन बदमाशों को पकड़ा गया। पुलिस का कहना है कि जनवरी 2025 में स्पेशल सेल की इस टीम ने मेवात के एक अपराधी जमशेद उर्फ जमशेर को गिरफ्तार किया था। उसके पास से एक अत्याधुनिक पिस्तौल बरामद हुई थी। जमशेद दिल्ली पुलिस के हवलदार यशपाल की हत्या में वांछित था। 2012 में बाबा हरिदास नगर थाना क्षेत्र में गाय चोरी के दौरान उन्हें रोकने की कोशिश करते समय हवलदार यशपाल की हत्या कर दी गई थी। पूछताछ के दौरान आरोपी ने हथियार का स्रोत साजिद बताया था और यह भी बताया था कि साजिद और उसके साथी विभिन्न राज्यों में कई एटीएम लूट में शामिल रह चुके हैं। तब से टीम साजिद और उसके साथियों के बारे में जानकारी जुटा रही थी। लंबे समय से टीम मेवात क्षेत्र में डेरा भी जमाए हुए थी। पता चला कि साजिद अपने मेवात स्थित साथियों के साथ ट्रक से अलग-अलग राज्यों में जाता है। वह ट्रक में एटीएम काटने के लिए सिलेंडर समेत कई औजार रखते थे। अपने गंतव्य पर पहुंचकर वे एटीएम लूटने के लिए एक वाहन चुराते थे और किसी असुरक्षित एटीएम कियोस्क की पहचान करने के लिए इलाके की रेकी करते थे। लूट के बाद वे वाहन छोड़कर अलग-अलग रास्तों से अपने ठिकाने पर लौट जाते थे। मदनपुर खादर इलाके में इनके लिये ट्रैप लगाया गया था। रात लगभग 10 बजे मुखबिर ने दो मोटरसाइकिल सवार व्यक्तियों की पहचान साजिद और आदिल के रूप में की। पुलिस ने उन्हें रुकने का इशारा किया, लेकिन उन्होंने गति बढ़ा दी और भागने की कोशिश की। पीछे बैठे सवार ने पुलिस टीम पर गोलीबारी की। पुलिस ने उनका पीछा किया और आत्मसमर्पण करने के लिए कहा। आत्मरक्षा में गोलियां चलाई गई। इस पर उनकी मोटरसाइकिल फिसल गई और वे गिर गए। पुलिस टीम ने उन्हें फिर से आत्मसमर्पण करने के लिए कहा, लेकिन आत्मसमर्पण करने के बजाय दोनों आरोपियों ने भागने की कोशिश की और फिर से पुलिस टीम पर गोलीबारी शुरू कर दी। पुलिस टीम ने आत्मरक्षा में जवाबी कार्रवाई की जिसमें दोनों आरोपियों के पैरों में गोली लगी। बरामद मोटरसाइकिल गांधी नगर थानाक्षेत्र से चोरी की निकली।

पूर्वी दिल्ली में युवक का गला रेतने वाला बीकॉम का छात्र गिरफ्तार

नई दिल्ली। पूर्वी दिल्ली के पांडव नगर इलाके में एक युवती से दोस्ती को लेकर ईर्ष्या के चलते 20 वर्षीय युवक ने एक अन्य युवक का कथित तौर पर गला रेत दिया। आरोपी को गिरफ्तार कर लिया गया है। वह बीकॉम का छात्र बताया गया है। पुलिस के अनुसार यह घटना 17 जुलाई को सामने आई थी। पांडव नगर निवासी आरोपी अक्षत शर्मा ने 21 वर्षीय हर्ष भाटी पर ब्लेड से हमला किया था। शर्मा ने भाटी को कई बार लड़की से दूरी बनाने की चेतावनी दी थी। डीसीपी अभिषेक धनिया के अनुसार हर्ष के गले पर घातक जख्म आया था, लेकिन वह बच गया। यह घटना तब हुई थी जब हर्ष लड़की के साथ खड़ा था। उसी समय अक्षत वहां आया और कथित तौर पर उसका गला ब्लेड से काट दिया। एमएलसी रिपोर्ट के आधार पर पांडव नगर पुलिस थाने में प्राथमिकी दर्ज की गई थी। अक्षत लड़की से भावनात्मक रूप से जुड़ा हुआ था और इस वजह से वह हर्ष के लगातार लड़की से मिलने से नाराज था। पुलिस ने आरोपी की तलाश के लिए दो विशेष टीमों का गठन किया था, जिसमें एक एंटी-ऑटो थेफ्ट स्क्वॉड और दूसरी पांडव नगर थाने की टीम थी। पुलिस ने बताया कि जब टीम आरोपी के घर पहुंची तब तक वह फरार हो चुका था। बाद में एक सूचना के आधार पर उसके घर के पास जाल बिछाया गया और उसे गिरफ्तार किया गया। डीसीपी ने बताया कि आरोपी ओपन यूनिवर्सिटी से बीकॉम की पढ़ाई कर रहा है और आइसक्रीम बेचता है।

गैंगस्टर नवीन खाती दो साथियों संग पकड़ा

नई दिल्ली। द्वारका जिले की जाफरपुर कलां पुलिस ने अवैध हथियारों की आपूर्ति करने के आरोप में कुख्यात गैंगस्टर नवीन खाती और उसके दो साथियों को गिरफ्तार किया है। इनके पास से चार देसी पिस्टल और 25 कारतूस बरामद हुये। पकड़े गये दो अन्य बदमाशों के नाम देवेंद्र उर्फ शूटर (40) और दिनेश कुमार मान (42) है। दोनों बवाना और पानीपत के रहने वाले हैं। पुलिस के अनुसार 17 जुलाई को रात करीब 10.25 बजे द्वारका के सुरहेड़ा मोड़ के पास एक कार को रोका गया था। कार में दो लोग सवार थे। तलाशी के दौरान कार से दो देसी पिस्टल और 23 कारतूस बरामद हुये। आरोपियों की पहचान बवाना निवासी दिनेश कुमार मान और पानीपत निवासी देवेंद्र उर्फ शूटर के रूप में हुई है। देवेंद्र गैंगस्टर नवीन खाती का पुराना सहयोगी निकला। देवेंद्र के खिलाफ पहले से ही 13 आपराधिक मामले दर्ज थे, जिनमें हत्या, हत्या के प्रयास और आर्म्स एक्ट के मामले शामिल हैं। मान दो आपराधिक मामलों में संलिप्त रह चुका है। पूछताछ के दौरान दोनों ने खुलासा किया कि उन्होंने ये हथियार मुनाफे के लिए बेचने के इरादे से गैंगस्टर नवीन खाती से खरीदे थे। इनकी निशानदेही पर खाती को मितराऊ गांव से गिरफ्तार किया गया। पुलिस ने खाती (50) के पास से एक पिस्तौल और दो कारतूस बरामद किए हैं। खाती के खिलाफ पहले से ही 15 से अधिक आपराधिक मामले दर्ज हैं।

डीएमआरसी ने तेलीवाड़ा में एक इमारत को देर रात किया सील, सुरक्षा का दिया हवाला

नई दिल्ली। दिल्ली के व्यस्तम थोक मार्केट सदर बाजार अंतर्गत तेलीवाड़ा में दिल्ली मेट्रो रेल निगम (डीएमआरसी) ने गुरुवार-शुक्रवार की देर रात एक बिल्डिंग को सील कर दिया। बताया जा रहा है कि पांच मंजिला इन इमारत में लगभग 150-200 दुकानें है। तेलीवाड़ा चौक पर अखाड़े के सामने स्थित बिल्डिंग में घरेलू जरूरत का सामान बेचा जाता है, जिसे खाली कराकर सील किया गया है। इस बारे में डीएमआरसी कॉर्पोरेट संचार के प्रधान कार्यकारी निदेशक अनुज दयाल ने बताया कि सदर बाजार मेट्रो स्टेशन के निर्माण कार्य के दौरान एहतियात बरतते हुए गुरुवार-शुक्रवार की देर रात सदर बाजार स्थित एक इमारत (भूतल व चार मंजिल) को खाली करा लिया गया। डीएमआरसी का कहना है कि अपने निर्माण क्षेत्र के प्रभाव क्षेत्र में आने वाली इमारतों की स्थिति पर नियमित रूप से नजर रखी जाती है। ऐसे में अगर कहीं कोई इमारत रहने लायक नहीं पाई जाती, तो उसे उचित मानक संचालन प्रक्रिया के तहत डीएमआरसी द्वारा खाली करा लिया जाता है। दयाल के अनुसार इसी प्रकार सुरक्षा के लिहाज से इस मामले में इमारत को खाली कराया गया है। डीएमआरसी का दावा है कि इस मामले में किसी भी संपत्ति या कर्मचारी को कोई नुकसान नहीं पहुँचा है। यह डीएमआरसी की एक रूटीन प्रक्रिया है जिसमें जहां जहां मेट्रो निर्माण के तहत सुरंग का काम होता है, वहां पहले से सर्वे और मॉनिटरिंग होती हैं। अगर डीएमआरसी को सर्वे में लगता है कि कोई इमारत, खासकर जो वर्षों पुरानी हो और वह खतरनाक लगती हो उसे सुरक्षा के लिहाज से अस्थायी रूप से खाली करवा लेते हैं। फिलहाल सदर बाजार सुरंग का कार्य पूरा हो चुका है, सिर्फ स्टेशन पर काम चल रहा है।

अभियुक्त व्यक्ति की हाजिरी की अपेक्षा करने वाली उद्घोषणा

(धारा 82(2) (ii) Cr.PC देखिए)

मेरे समक्ष परिवाद किया गया है कि अभियुक्त **रजत बत्रा उर्फ ईलू पुत्र श्री मुलक बत्रा निवासी पी-19/20, पंजाबी बस्ती, मजनू का टीला, सिविल लाइंस, दिल्ली** ने एफआईआर नं. **405/2023, अन्तर्गत धारा 25/54/59 ए. एक्ट, थाना सिविल लाइंस, दिल्ली** के अधीन दण्डनीय अपराध किया है (या संदेह है कि उसने किया है) और उस पर जारी किए गए गिरफ्तारी के वारंट को यह लिखकर लौटा दिया गया है कि उक्त अभियुक्त **रजत बत्रा उर्फ ईलू** मिल नहीं रहा/ रही है और मुझे समाधानप्रद रूप से दर्शित कर दिया गया है कि उक्त अभियुक्त **रजत बत्रा उर्फ ईलू** फरार हो गया/गई है (या उक्त वारंट की तामील से बचने के लिए अपने आपको छिपा रहा/रही है) इसलिए इसके द्वारा उद्घोषणा की जाती है कि एफआईआर नं. **405/2023, अन्तर्गत धारा 25/54/59 ए. एक्ट, थाना सिविल लाइंस, दिल्ली** के उक्त अभियुक्त **रजत बत्रा उर्फ ईलू** से अपेक्षा की जाती है कि वह इस न्यायालय के समक्ष (या मेरे समक्ष) उक्त परिवाद का उत्तर देने के लिए दिनांक **08.09.2025** को **प्रातः 10:00 बजे** या उससे पहले हाजिर हो।

आदेशानुसार
श्री गौरव गोयल
न्यायिक मजिस्ट्रेट, प्रथम श्रेणी-06
केन्द्रीय जिला, कमरा नं. 247
तीस हजारी न्यायालय, दिल्ली

DP/9813/N/2025
(Court Matter)

खबर संक्षेप

हथियार और नकली नोटों के धंधे में शामिल पांच पकड़े

नई दिल्ली। स्पेशल सेल की यमुनापार रेंज द्वारा अंतरराज्यीय हथियार और जाली नोटों की तस्करी करने वाले गिरोह का भंडाफोड़ किया है। गिरोह के पांच प्रमुख सदस्यों को गिरफ्तार किया गया। इनमें सरगना और एक महिला तस्कर भी शामिल हैं। इनके पास से 10 सेमी ऑटोमेटिक पिस्टल, 68 कारतूस और 4,10,000 रुपये की जाली करेंसी बरामद हुई है। इसके अलावा एक बुलेटप्रूफ एसयूवी स्कॉर्पियो सहित तीन कारें जब्त की गई है।

मथुरा रोड़ पर ट्रक ने खड़ी स्कूल बस को टक्कर मारी

नई दिल्ली। मथुरा रोड पर शुक्रवार सुबह एक ट्रक ने खड़ी स्कूल बस को टक्कर मार दी। पुलिस ने बताया कि यह मामूली टक्कर थी और इस घटना में कोई घायल नहीं हुआ है। पुलिस आरोपी वाहन चालक के खिलाफ कानूनी कार्रवाई नहीं करने की बात कह रही है। पुलिस का तर्क है कि किसी भी पक्ष की तरफ से उन्हें कोई शिकायत नहीं मिली है। जानकारी के अनुसार बस 'एमिटी इंटरनेशनल स्कूल' (साकेत) की थी और घटना के समय उसमें कोई छात्र मौजूद नहीं था। हादसे के वक्त बस में केवल एक सुरक्षाकर्मी सवार था।

प्रथम उपमहापौर को कांग्रेसियों ने की श्रद्धांजली अर्पित

नई दिल्ली। दिल्ली के प्रथम उप महापौर रहे स्व राम चरण अग्रवाल की पुण्यतिथि के मौके पर शुक्रवार को दिल्ली के कांग्रेसियों ने उनको श्रद्धांजलि अर्पित की। आईटीओ चौक पर स्थापित स्व राम चरण अग्रवाल की मूर्ति पर हर वर्ष की तरह इस बार भी प्रदेश कांग्रेस के अध्यक्ष देवेंद्र यादव, पूर्व अध्यक्ष व स्व अग्रवाल के पुत्र जे पी अग्रवाल सहित अन्य छोटे बड़े नेता मौजूद थे। इस अवसर पर प्रदेश अध्यक्ष देवेंद्र यादव ने स्व अग्रवाल की मूर्ति पर फूल मालाएं चढ़ाई। उन्होंने अपने संदेश में कहा कि लाला स्व राम चरण अग्रवाल ने उपमहापौर रहते हुए नए आयाम स्थापित किए।

इंटरनेशनल ड्रग्स रैकेट का पर्दाफाश

हरिभूमि न्यूज ⏭ नई दिल्ली

- पांच नाइजीरियन गिरफ्तार, 100 करोड़ की ड्रग्स बरामद

नाइजीरिया से नई दिल्ली तक फैले एक इंटरनेशनल ड्रग रैकेट का पर्दाफाश क्राइम ब्रांच ने किया है। इनके पास से 100 करोड़ रुपये मूल्य की कोकीन बरामद हुई है। जांच में इस रैकेट के तार मलेशिया, ऑस्ट्रेलिया, न्यूजीलैंड, जापान और यूनाइटेड किंगडम से जुड़े पाये गये हैं। यह सिंडिकेट व्हाट्सएप और कॉल सेंटर मॉडल के माध्यम से संचालित होता था। पुलिस ने पांच नाइजीरियाई नागरिकों को गिरफ्तार किया है। पुलिस ने एक ही तस्कर से जुड़े कई देशों के पासपोर्ट भी बरामद किये हैं। इसके अलावा मोबाइल फोन, नशीली दवाओं की बिक्री के रिकॉर्ड वाली नोटबुक आदि बरामद हुई है। एक होंडा सिटी कार और दो लाख रुपये से ज्यादा कैश भी जब्त किया गया। डीसीपी हर्ष इंदौरा के अनुसार क्राइम ब्रांच की एजीएस टीम ने एक अंतरराष्ट्रीय ड्रग कार्टेल पर बड़ी कार्रवाई की है। यह मादक पदार्थ वितरण नेटवर्क पश्चिम अफ्रीका स्थित ड्रग किंगपिन कैलिस्टस उर्फ कालिस द्वारा संचालित किया जा रहा है। महाद्वीपों में फैला यह सिंडिकेट एक बेहद संगठित ढांचे के साथ काम कर रहा था। अंतिम छोर तक नशीली दवाओं की डिलीवरी के लिए एन्क्रिप्टेड व्हाट्सएप चैनलों, जाली दस्तावेजों और भारत में रहने वाले विदेशी नागरिकों का इस्तेमाल किया जा रहा था। इस मामले में 2.7 किलोग्राम से ज्यादा उच्च श्रेणी की कोकीन, एक किलो से ज्यादा एमडीएमए और 1 किलोग्राम से ज्यादा गांजा बरामद हुआ है। डीसीपी के अनुसार 13 जून को सिपाही हेमंत को विश्वसनीय खुफिया जानकारी मिली थी। उसके आधार पर मोती नगर स्थित एक कूरियर ऑफिस पर छापेमारी की गई। एक संदिग्ध पार्सल को रोका गया और उसमें 895 ग्राम एमडीएमए पाया गया, जिसे भारतीय सूट और महिलाओं के जूतों की पैकेजिंग के नमूनों के बीच बड़ी चतुराई से छिपाया गया था। पार्सल कूरियर के जरिए विदेश भेजा जा रहा है। जांच के बाद कैमरून के नागरिक कामेनी फिलिप तक पुलिस पहुंची। उसके कब्जे से 2012 ग्राम कोकीन बरामद की गई। आरोपी के खुलासे के बाद केस सीधे तौर पर कैलिस्टस उर्फ कालिस से जुड़ा, जो एक नाइजीरियाई नागरिक है और पश्चिम अफ्रीका से वैश्विक आपूर्ति श्रृंखला को नियंत्रित करता है। इनसे पूछताछ के बाद वसंत कुंज क्षेत्र से डिलीवरी एजेंट केलेची चिक्वे उर्फ विक्टर को गिरफ्तार किया गया। उसके कब्जे से 148 ग्राम कोकीन और एक लाख सोलह हजार रुपये बरामद हुये। कलेची ने अपने हैंडलर इबे उर्फ विक्टर के बारे में सुराग दिए। 22 जुलाई को प्रिया क्रॉसिंग, वसंत विहार से इबे चिनेडू ऑस्टिन उर्फ एलिनवा की गिरफ्तारी हुई। उसकी कार के अंदर 185 ग्राम कोकीन, 91,500 नकद, एक नकली आधार कार्ड और अन्य पहचान पत्र बरामद हुआ। ड्रग की बिक्री का रिकॉर्ड कई नोटबुक में रखा गया था और वर्ष 2019 तक का था। अकेले वसंत कुंज क्षेत्र की औसत बिक्री हर महीने 1 करोड़ से अधिक थी।

सिध मैनेजमेंट कॉर्पोरेट सर्विसेज लिमिटेड
CIN: L65999DL1985PLC019846
पंजीकृत कार्यालय : ई-253, सरस्वती कुंज अपार्टमेंट्स, 25, आई.पी. एक्सटेंशन, पटपड़गंज नई दिल्ली-110092
E-Mail: info@sidhmanagement.in; Website: www.sidhmanagement.in

30 जून 2025 को समाप्त प्रथम तिमाही हेतु अअंकेक्षित स्टैंडअलोन वित्तीय परिणामों का सार
[सेबी (एलओडीआर) नियमनों, 2015 के नियमन 47(1)(बी) देखें]

(रु. लाखों में)

क्र. सं.	विवरण	अअंकेक्षित 30 जून 2025 को समाप्त तिमाही	अंकेक्षित 31 मार्च 2025 को समाप्त पूर्ववर्ती तिमाही (टिप्पणी सं. 2 देखें)	अअंकेक्षित 30 जून 2024 को समाप्त अनुकूल तिमाही	अंकेक्षित 31 मार्च 2025 को समाप्त वर्ष
1	प्रचालनों से कुल आय	6.19	(1.53)	33.81	71.32
2	अवधि हेतु शुद्ध लाभ/(हानि) (कर, असाधारण और/अथवा असामान्य मदों से पूर्व)	(0.66)	(9.53)	23.73	38.94
3	कर से पूर्व अवधि हेतु शुद्ध लाभ/(हानि) (असाधारण और/अथवा असामान्य मदों के बाद)	(0.66)	(9.53)	23.73	38.95
4	कर के बाद अवधि हेतु शुद्ध लाभ/(हानि) (असाधारण और/अथवा असामान्य मदों के बाद)	(0.66)	(9.53)	23.73	33.71
5	अवधि हेतु कुल व्यापक आय [अवधि हेतु निहित लाभ/(हानि) (कर के बाद) और अन्य व्यापक आय (कर के बाद)]	(0.66)	(9.53)	23.73	33.71
6	इक्विटी शेयर कैपिटल	211.75	211.75	211.75	211.75
7	रिजर्व्स (पूर्ववर्ती वर्ष की अंकेक्षित बैलेंस शीट में दर्शाये अनुसार पुनर्मूल्यांकन रिजर्व को छोड़कर)				369.08
8	अर्जन प्रति शेयर (रु. 10 प्रत्येक के) (समाप्त वर्ष को छोड़कर वार्षिकृत नहीं) बेसिक एवं डायल्युटेड	(0.03)	(0.45)	1.12	1.59

टिप्पणी : 1) उपरोक्त सेबी (लिस्टिंग ऑब्लीगेशंस एवं घोषणा आवश्यकताएं) नियमनों, 2015 के नियमन 33 के तहत स्टॉक एक्सचेंजेज के पास दायर किये गये तैमाहिक अअंकेक्षित वित्तीय परिणामों के विस्तृत प्रारूप का एक सार हैं। अअंकेक्षित वित्तीय परिणामों का पूर्ण प्रारूप स्टॉक एक्सचेंज वेबसाइट्स यथा www.msei.in पर उपलब्ध हैं। ये कम्पनी की वेबसाइट यथा www.sidhmanagement.in पर भी उपलब्ध हैं। 2) 31 मार्च 2025 को समाप्त तिमाही हेतु आंकड़े वित्तीय वर्ष 2024-25 की तृतीय तिमाही तक वर्ष से तिथि आंकड़े और 31 मार्च, 2025 को समाप्त पूर्ण वित्तीय वर्ष के सम्बन्ध में अंकेक्षित आंकड़ों के बीच बैलेंसिंग आंकड़े है।

बोर्ड के आदेशानुसार
कृते सिध मैनेजमेंट कॉर्पोरेट सर्विसेज लिमिटेड
हस्ता/-
दिनेश शर्मा
एमडी एवं सीईओ
डीआईएन नं. : 07526355

विस्तृत वित्तीय परिणामों को देखने के लिए क्यूआर कोड स्कैन करें।

स्थान : दिल्ली
दिनांक : 25 जुलाई, 2025

एमसीडी मुख्यालय के नजदीक ही नहीं हो रही सफाई, लोग परेशान

हरिभूमि न्यूज ⏭ नई दिल्ली

दिल्ली नगर निगम (एमसीडी) के मुख्यालय सिविक सेंटर से महज ढाई सौ मीटर की दूरी पर स्थित निगम के गिरधर लाल मेटरनिटी अस्पताल के पास एमसीडी द्वारा लगाए गए दो बड़े कूड़ेदानों में कूड़ा इस कदर ठूंसा गया है कि सड़क से गुजरने वालों को सांस रोककर चलना पड़ रहा है। कई दिनों से कूड़ा उठाव न होने के कारण बदबू और गंदगी ने लोगों का जीना मुहाल कर दिया है। हैरानी की बात यह है कि यह सब कुछ नगर निगम के मुख्यालय के बिलकुल पास हो रहा है, जहां से स्वच्छता विभाग के अधिकारी और बड़ी संख्या में लोगों का रोजाना आना जाना बना रहता है और पास में नई दिल्ली मेट्रो स्टेशन है। यह नजारा साफ बताता है कि दिल्ली में सफाई व्यवस्था केवल कागज़ों पर ही दुरुस्त है। स्थानीय नागरिकों और अस्पताल आने वाले मरीजों का कहना है कि यह बिलकुल अस्पताल के मुख्य दरवाजे के पास है और सभी की नजरें ठूंस कर कूड़े से भरे हुए इन कूड़ेदानों पर पड़ती है, बावजूद इसके निगम का कोई कर्मचारी सफाई करने नहीं आया। आने जाने वाले लोगों ने बताया कि अगर निगम मुख्यालय सिविक सेंटर के पास ये हाल है, तो बाकी दिल्ली में क्या हो रहा होगा?

शालीमार बाग बस स्टैंड पर भी ऐसे ही हालात

साथ ही बता दें कि दिल्ली नगर निगम ने स्वच्छता व्यवस्था बेहतर हो इसे लेकर जगह जगह दो बड़े कूड़ेदानों की व्यवस्था की गई है लेकिन इनमें कूड़ा इस कदर ठूंसा गया है कि और कूड़ा कूड़ेदान में ना आकर नीचे और आसपास खुले में ही मजबूरन फैंकना पड़ता है। ऐसा ही एक मामला मुख्यमंत्री रेखा गुप्ता की विधानसभा शालीमार बाग स्टैंड से भी सामने आया है। इन कूड़ेदानों के बस स्टैंड पर होने और भरे हुए होने से यहां यात्रियों को भी काफी परेशानी का सामना करना पड़ता है।

एक ही पार्टी की तीनों सरकारें, फिर भी हाल बेहाल

अब सवाल दिल्ली की सत्तारूढ़ भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) पर भी उठ रहे हैं, क्योंकि इस समय केंद्र में, दिल्ली में और दिल्ली नगर निगम में तीनों जगह भाजपा की ही सरकार है। फिर भी राजधानी के सबसे व्यस्त और महत्वपूर्ण इलाके में जब सफाई की ऐसी हालत है, तो यह निश्चित रूप से स्वच्छता अभियान की असफलता और प्रशासनिक उदासीनता को दर्शाता है।

सुप्रीम कोर्ट द्वारा कानून व्यवस्था पर टिप्पणी करना भाजपा की केंद्र व दिल्ली सरकार की विफलता : यादव

नई दिल्ली। दिल्ली प्रदेश कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष देवेंद्र यादव ने कहा है कि दिल्ली की बिगड़ती कानून व्यवस्था पर सुप्रीम कोर्ट की टिप्पणी करना भाजपा के केंद्र व दिल्ली सरकार की भारी विफलता को दर्शाता है। उन्होंने कहा कि सरकारों की लापरवाही के बाद सर्वोच्च न्यायालय का दिल्ली की बिगड़ती कानून व्यवस्था को दुरुस्त करने में हस्तक्षेप करना भाजपा सरकार की विश्वसनीयता और पुलिस पर नियंत्रण होने पर प्रश्न चिन्ह लगाता है। केन्द्र में पिछले 11 वर्ष से भाजपा की सरकार है और गृहमंत्रालय के नियंत्रण में कानून व्यवस्था हमेशा लचर साबित हुई है। यादव ने सवाल खड़े किए कि क्या पुलिस राजधानी में सक्रिय करीब 95 गैंग जो संगठित तरीके से अपराधों को अंजाम देते है, उन पर नियंत्रण पा सकती है। इन गैंग के 1109 गैंगस्टरों के खिलाफ 5212 केस दर्ज है जो मर्डर, लूट, फिरौती व अन्य गंभीर धाराओं में है। उन्होंने कहा कि दिल्ली में गैंगस्टर के लगभग 288 मामले लंबित है और हत्याओं, महिलाओं के साथ अपराधिक घटनाएं, बलात्कार और छेड़छाड़ सहित नशीले पदार्थ पकड़े जाने वाले हजारों केस भी लंबित है। यदि सरकार फास्ट ट्रेक कोर्ट का प्रस्तावित निर्णय लेती है तो इन मामलों को जल्द निपटाया जा सकेगा।

सार्वजनिक सूचना

ICICI Bank
पंजीकृत कार्यालय : आईसीआईसीआई बैंक टावर, निकट चाकली सर्कल, पुराना पादरा रोड, वडोदरा-390007
कार्पोरेट कार्यालय : आईसीआईसीआई बैंक टावर्स, बांद्रा-कुर्ला कॉम्पलैक्स, मुम्बई 400051

स्वर्ण ई-नीलामी-सह-आमंत्रण सूचना

नीचे वर्णित कर्जदारों को आईसीआईसीआई बैंक लिमिटेड ("आईसीआईसीआई बैंक") से उनको उपलब्ध करवाई गई स्वर्ण आभूषणों के तहत सुविधा ("सुविधा") के तहत उनकी बकाया राशि का भुगतान करने के लिये नोटिस जारी किये गये हैं। हम गिरवी रखे गये स्वर्ण आभूषणों की 06 अगस्त 2025 को एक ई-नीलामी आयोजित करने के लिये बाध्य हैं क्योंकि वे बकाया राशि का पुनर्भुगतान करने में विफल रहे हैं। आईसीआईसीआई बैंक बिना किसी पूर्व सूचना के ई-नीलामी तिथि को परिवर्तित करने / अकाउंट को हटाने के लिये अधिकार रखता है। नीलामी **अप. 12:30 बजे से अप. 3:30 बजे के बीच** https://jewel-auction.procuretiger.com पर ऑनलाइन आयोजित की जाएगी। विस्तृत नियम एवं शर्तों हेतु, कृपया दी गई वेबसाइट लॉगइन करें। मृतक कर्जदार के मामले में, सभी शर्तें कानूनी वारिसों के लिये लागू होंगी।

ऋण अकाउंट नं.	ग्राहक का नाम
शाखा का नाम : अम्बाला कैंट	
049857000083	गुरप्रीत सिंह
शाखा का नाम : अर्सध	
215862003291	तरलोचन सिंह
शाखा का नाम : भिवानी	
072962003727	जसवीर रामभगत श्योराण
शाखा का नाम : फरीदाबाद - बल्लभगढ़	
140162002570	विकाश विकाश
140105002644	साहिल चंद्रिला
शाखा का नाम : फरीदाबाद - एनआईटी	
102557000328	रामेश्वर कुमार
शाखा का नाम : फरीदाबाद - सेक्टर-16	
008357001074	दीपक कुमार मिश्रा
शाखा का नाम : गोहाना	
062757000158	रोहित रोहित

ऋण अकाउंट नं.	ग्राहक का नाम
शाखा का नाम : गुड़गांव - डीएलएफ कार्पोरेट पार्क	
732557000032	धाराकेरवर्ण एस
शाखा का नाम : गुड़गांव - बादशाहपुर	
085862002479	जितेन्द्र एन
शाखा का नाम : गुड़गांव - रतन गार्डन	
106957000088	दीपक पराशर
शाखा का नाम : गुड़गांव - सेक्टर-46	
389062001300	सुनीता महला
शाखा का नाम : गुड़गांव - सुशांत लोक	
031462006468	रूपेश कुमार
शाखा का नाम : गुरूग्राम - सेक्टर-15 पार्ट-II	
114862001997	विनोद कुमार चीरसिया
शाखा का नाम : हिसार	
017262009239	मनोज कुमार
शाखा का नाम : कोसली	
451562000043	मोहित
451562000068	मोहित

ऋण अकाउंट नं.	ग्राहक का नाम
शाखा का नाम : कुंडली-सेक्टर-62	
373462000673	पूजा कुमारी
शाखा का नाम : महेन्द्रगढ़	
219557000094	मि. आकाश
शाखा का नाम : मानेसर	
661805601364	दिनेश शर्मा
शाखा का नाम : सदौर	
397605000801	नितिन अरोड़ा
शाखा का नाम : रोहतक - हिसार रोड	
662162601089	शिवानी वर्मा
शाखा का नाम : समालखा	
204857000136	प्रदीप
शाखा का नाम : सोंदा	
294462000180	निखिल भाटिया
शाखा का नाम : सोनीपत	
030262004096	पवन गर्ग
शाखा का नाम : रामपुर - अयोध्यानाथ मंदिर	
162662003578	विकेश कुमार नेगी
162662003580	विकेश कुमार नेगी

दिनांक : 26.07.2025
स्थान : अम्बाला, गुरुग्राम, हिसार, करनाल, रोहतक, सोनीपत, फरीदाबाद, भिवानी, महेन्द्रगढ़, यमुनानगर, रेवाड़ी, पानीपत, पंचकूला

हस्ता/-
प्राधिकृत अधिकारी
कृते आईसीआईसीआई बैंक लिमिटेड

दिल्ली पर मंडराया बाढ़ का खतरा, रेखा सरकार सोई गहरी नींद में, तैयारियां नदारद: देवेंद्र

हरिभूमि न्यूज ⏭ नई दिल्ली

दिल्ली प्रदेश कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष देवेंद्र यादव ने आरोप लगाए है कि राजधानी में बह रह यमुना नदी लगातार जलस्तर बढ़ने से इस समय बाढ़ के खतरे की ओर बढ़ रही है। जबकि दिल्ली की भाजपा सरकार अब भी गहरी नींद में सोई है। देवेंद्र ने कहा कि जहां एक तरफ यमुना नदी खतरे के निशान के पास पहुंच रही है वहीं दूसरी तरफ सरकार के गहरी नींद में होने की वजह से अब तक बचाव को लेकर न सड़क पर तैयारियां दिख रही है न ही यमुना नदी के किनारों पर बाढ़ नियंत्रण की तैयारी दिख रही है। देवेंद्र ने यमुना नदी के बढ़ते जलस्तर और संभावित बाढ़ संकट को लेकर गंभीर चिंता व्यक्त करते हुए कहा कि यमुना का जलस्तर 205.33 मीटर के खतरे के निशान के करीब पहुँच चुका है। यादव ने यह भी कहा कि वर्ष 2013 में 8 लाख क्यूसिक पानी छोड़े जाने के बावजूद बाढ़ नहीं आई थी, और 2019 में 8.28 लाख क्यूसिक के बाद भी स्थिति नियंत्रण में रही। परंतु 2023 में केवल 3.5 लाख क्यूसिक पानी से ही राजधानी डूब गई, जो केजरीवाल सरकार की विफलता का प्रतीक था। अब 2025 में महज 54000 क्यूसिक पानी छोड़े जाने के बाद ही संकट खड़ा हो गया है, जो अत्यंत चिंताजनक है। इसका मुख्य कारण यमुना की डिसिल्टिंग यानी गाद निकासी का वर्षों से न होना है। उन्होंने याद दिलाया कि अगस्त-सितंबर 2023 में जब यमुना का जलस्तर 208.6 मीटर तक पहुँच गया था, रेखा गुप्ता सरकार ने इससे कोई सबक नहीं लिया और ना ही बाढ़ राहत कार्यों में किसी प्रकार की तैयारी की है। यादव ने कहा कि 2023 की विनाशकारी बाढ़ के बाद भी दोनों सरकारों ने यमुना की सफाई, तटीय सुरक्षा और बाढ़ नियंत्रण को लेकर कोई ठोस योजना नहीं बनाई। यादव ने सवाल उठाया कि दिल्ली सरकार ने अब तक इंद्रप्रस्थ बैराज का नियंत्रण अपने हाथ में क्यों नहीं लिया। बावजूद इसके रेखा गुप्ता सरकार भी पूर्व की केजरीवाल सरकार की ही भांति बाढ़ प्रबंधन में पूरी तरह विफल साबित हो रही है। उन्होंने कहा कि न तो सड़कों पर बारिश से उत्पन्न जलभराव की स्थिति को संभाला जा रहा है और न ही यमुना में बढ़ते जलस्तर के मद्देनजर कोई ठोस कदम उठाए जा रहे है। देवेंद्र ने चेतावनी दी कि यदि समय रहते हालात को नियंत्रित नहीं किया गया तो केजरीवाल सरकार के दौरान वर्ष 2023 में आई बाढ़ त्रासदी की पुनरावृत्ति हो सकती है।

हरियाणा सरकार — निविदा सूचना

क्र. सं.	विभाग का नाम	कार्य सूचना निविदा का नाम	खुलने की तिथि बंद होने की तिथि	राशि/ईएमडी (लगभग) रु. में	विभाग की वेबसाइट	नोडल अधिकारी / सम्पर्क विवरण/ई-मेल
1	लोनिवि भ व प सिरसा	हैड 5054 (डब्ल्यू.पी. 2024